# सगाई कर लौट रहे परिवार पर टूटा कहर

## सड़क हादसे में चार की दर्दनाक मौत, 10 घायल

**इंदौर. सगाई समारोह से कोटा लौट रहे एक ज्वेलर्स परिवार की खुशियां उस वक्त मातम में बदल गईं, जब उनकी मिनी बस राजस्थान के कोटा में ट्रक से जा टकराई. दर्दनाक हादसे में मां, दो बेटे और दामाद की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 10 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए.**

यह भीषण हादसा रविवार सुबह करीब 5 बजे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर कोटा ग्रामीण के बुढ़ादित क्षेत्र में हुआ. मिनी बस में सवार सभी लोग इंदौर में एक सगाई कार्यक्रम से लौटकर करौली (राजस्थान) जा रहे थे. मिनी बस आगे चल रहे ट्रक में पीछे से टकरा गई. टक्कर इतनी



जबरदस्त थी कि बस के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए. मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को कोटा के सरकारी अस्पताल भिजवाया. मृतकों में तीन की पहचान सुरेश सोनी, उनकी पत्नी गीता सोनी और रिश्तेदार अनिल के रूप में हुई है. चौथे मृतक की पहचान भी की जा रही है. घायलों की हालत भी गंभीर है.

### काली सिंध नदी में अर्टिका गिरी, 2 की मौत



**बागली/चापडा.** इंदौर से जा रही अर्टिका कार काली सिंध नदी में गिर गई. जिसमें दो लोगों की मौत हो गई, वहीं दो लोगों को ग्रामीणों ने रेस्क्यू के बाद बचा लिया. इस वाहन में तमिलनाडु राज्य के मदुरई के रहने वाले 4 व्यक्ति सवार थे. यहां के ग्रामीण लोग विगत 15 वर्षों से काली सिंध नदी पर बनी अंग्रेजों के समय की इस खतरनाक पुलिया को लेकर शासन-प्रशासन को अवगत करा रहे हैं, लेकिन उनकी बातों पर किसी ने संज्ञान नहीं लिया. नतीजन यह पुलिया कई लोगों की जान ले चुकी है. ग्रामीणों ने बताया कि पुलिया जर्जर अवस्था में है.

# सोन नदी में फसे गोवंश को नदी पार

## एसडीईआरएफ व होमगार्ड की टीम ने दिखाई तत्परता

**सीधी. एसडीईआरएफ और होमगार्ड सीधी के द्वारा कड़ी मेहनत और सूझबूझ के साथ सोन नदी के जोगदहा घाट में लगभग 25 की संख्या में फसे समस्त गौवंशों को नदी पार करवा दिया गया.**

गौवंशों को पार करवाने के पश्चात पूरी टीम को रोप लेडर के माध्यम से दोबारा पुल के ऊपर खींचने के बाद ,सोन घड़ियाल अभ्यारण्य से होकर पुल तक पूरा एरिया सर्च किया गया. इस दौरान कुछ गौवंश नदी किनारे पर चरते पाए गए, कुछ ऊपर पहाड़ में चढ़ कर अन्य कही चले गए. इस दौरान एक बछड़ा नदी में फंसा मिला जिसे उचित तरीके से रेस्क्यू



कर बाहर निकाला गया.सोन नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए उन्हें और अधिक समय तक रोके जाने पर उनकी जान को खतरा हो सकता था, इसलिए थोड़ा जोखिम लेते हुए उन्हें नदी पार करवाना ही एकमात्र विकल्प था. नदी में काफी नुकीली चट्टानें हैं जहां बोट चलाने में मुश्किल होती है बाढ़ के दौरान साथ ही पूरा इलाका मगरमच्छों एवं घड़ियालों के लिए संरक्षित होने एवं उनकी मौजूदगी के कारण वहां जवानों की जान का जोखिम सदैव ही बना रहता है.

> बावजूद इसके दूसरे किनारे पर सर्च करने पर उस पूरे क्षेत्र में में किसी गौवंश की हताहत होने की खबर नहीं मिली और न ही प्रत्यक्ष तौर पर हताहत गौवंश देखे गए.इस दौरान राजस्व एवं पुलिस विभाग की टीम द्वारा उपस्थित रहकर आवश्यक मदद की गई.

## एक नजर में

### हाई प्रोफाइल अंधे कत्ल का पर्दाफाश

**नीमच.** पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवलसिंह सिसौदिया, नगर पुलिस अधीक्षक किरण चौहान के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी नीमच केंट निरीक्षक पुष्पा सिंह चौहान के नेतृत्व में संयुक्त पुलिस टीम द्वारा 11 जुलाई की रात्रि बंसल चौराहा स्थित सिंहल मल्टी आशीर्वाद भवन के फ्लेट में हुए महिला के अंधे कत्ल का पर्दाफाश कर हत्या के प्रकरण में शामिल मुख्य आरोपी सहित अन्य आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है. दौराने अपराध विवेचना पुलिस टीमों द्वारा घटना स्थल एवं उसके आसपास सहित आरोपियों के भागने के मार्गो के सीसीटीवी कैमरों एवं तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया.

### अस्पताल में युवक की मौत के बाद हंगामा

**रीवा.** रीवा के संजय गांधी अस्पताल में इलाज के दौरान एक 19 वर्षीय युवक की मौत के बाद रविवार को हंगामा किया. परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए हैं. मरीज सीधी जिले के हनुमानगढ़ गांव का रहने वाला है, जहां सडक़ हादसे में घायल युवक को रीवा रेफर किया गया था. 8 जुलाई को गुढ़ थाना क्षेत्र के बदवार में सडक़ हादसे में गंभीर रूप से घायल होने के बाद गोपीलाल साकेत को संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया था. परिजनों का आरोप है कि युवक को सिर में गंभीर चोटें आई थीं और डॉक्टरों ने उसी दिन ऑपरेशन कर दिया था.

### स्मार्ट मीटर बंद कराने आंदोलन की धमकी

**दमोह.** जिला किसान कांग्रेस ने कांग्रेसजनों के साथ रविवार को किल्लाई नाका पर एकत्रित होकर बिजली विभाग तक पैदल मार्च करते हुए विद्युत मंडल द्वारा स्मार्ट मीटरों के माध्यम से दिये जा रहे. भारी भटकम बिजली बिलो का विरोध कर ज्ञापन सौंपा.जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने सड़क पर ही बैठकर कहा कि भाजपा की मोहन सरकार ने निजी बिजली कंपनियो से सांठ-गांठ कर उपभोक्ताओं के घरो में जबरन स्मार्ट मीटर लगवाकर अवैध बसूली की जा रही हैं. पूर्व नपाध्यक्ष मनु मिश्रा ने कहा कि बिजली कंपनी ने शिकायत हेतु 1912 नंबर दिया था जो कि कभी नहीं लगता. विद्युत विभाग स्वयं अपना नबंर सार्वजानिक करें.

# रंगे हाथ पकड़े गए सचिव को दोबारा मिली जिम्मेदारी

## कांग्रेस ने उठाए गंभीर सवाल

**5,000 की रिश्वत मांगी थी**





**उमरिया, 13 जुलाई. उमरिया जिला पंचायत ने लोकायुक्त ट्रैप में रंगे हाथ पकड़े गए पंचायत सचिव को पुन: सचिवीय कार्य सौंप दिया है. इस निर्णय पर कांग्रेस ने सवाल उठाए हैं. कांग्रेस नेता त्रिभुवन सिंह ने पंचायत के इस फैसले को प्रशासनिक गिरावट का प्रतीक बताया है.**

मामला सामने आने के बाद बड़ा गांव पंचायत के ग्रामीणों ने भी इस नियुक्ति का विरोध करते हुए रामू सोनी को हटाने की मांग की है. इस नियुक्ति पर कड़ा विरोध जताते हुए कांग्रेस नेता त्रिभुवन सिंह ने कहा कि यह फैसला उन तमाम ग्रामीणों के साथ धोखा है जो ईमानदारी और पारदर्शिता की उम्मीद करते हैं. एक भ्रष्ट अधिकारी को दोबारा पद देना, सरकार की कथनी और करनी में अंतर को उजागर करता है. मामले को लेकर जिला पंचायत सीईओ अभय सिंह से प्रतिक्रिया ली गई, तो उन्होंने कहा, ऑफिस मुझे चलाना है. उनकी यह प्रतिक्रिया दर्शाती है कि भ्रष्टाचार के मामलों में पारदर्शिता और जवाबदेही को लेकर कितनी लापरवाही बरती जा रही है.

चौंकाने वाली बात यह रही कि ट्रैप के कुछ ही महीनों बाद जिला पंचायत उमरिया ने 3 जुलाई को आदेश जारी कर रामू सोनी को ग्राम पंचायत बड़ागांव (जनपद पंचायत करकेली) में सचिवीय दायित्व सौंप दिया. 7 जुलाई को रामू सोनी ने नए पद पर कार्यभार भी ग्रहण कर लिया.

### क्या है पूरा मामला?

24 दिसंबर 2024 को लोकायुक्त संगठन रीवा की टीम ने पुलिस महानिदेशक जयदीप प्रसाद के निर्देश पर उमरिया में ट्रैप कार्रवाई की थी. ग्राम पठारी कला निवासी नत्थूलाल बैगा ने शिकायत की थी कि उनके दिवंगत पुत्र राजकुमार बैगा की मृत्यु आकाशीय बिजली गिरने से 2019 में हुई थी. उसका मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के बदले ग्राम पंचायत सचिव रामू प्रसाद सोनी ने 5,000 रुपए की रिश्वत मांगी थी. शिकायत का सत्यापन होने के बाद लोकायुक्त ने टीम गठित कर आरोपी रामू सोनी को रिश्वत लेते हुए उमरिया के पुराने बस स्टैंड के सामने रंगे हाथ गिरफ्तार किया था.

### छेड़छाड़ से तंग आकर युवती ने लगाई फांसी

**ग्वालियर.** शहर के गंगा मालनपुर इलाके में एक 22 वर्षीय आंगनबाड़ी कार्यकर्ता युवती ने मानसिक प्रताड़ना और छेड़छाड़ से परेशान होकर फांसी लगा ली. बताया जा रहा है कि आरोपी युवक लंबे समय से उसे परेशान कर रहा था.युवती ने कुछ समय पहले आरोपी के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन सामाजिक दबाव में 15 दिन पहले यह शिकायत वापस लेनी पड़ी. आरोप है कि युवक ने हाल ही में युवती के साथ एडिटेड फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए, जिससे वह और टूट गई. पीड़ित युवती के चाचा जीवन कुशवाहा ने बताया कि आरोपी मनीष कुशवाहा पिछले एक साल से उसकी भतीजी को परेशान कर रहा था.

# पूर्व विधायक मौसी ने जीवित रहते कराया मृत्युभोज

**अनूपपुर, नवभारत. विश्व की प्रथम किन्नर जनप्रतिनिधि एवं पूर्व विधायक शबनम मौसी ने किन्नर परंपरानुसार मृत्यु से पूर्व रोटी समारोह ( मृत्युभोज ) का आयोजन कर एक अनूठी मिसाल पेश की है.**

सोहागपुर विधानसभा से वर्ष 1998 में विधायक बनीं शबनम मौसी ने बताया कि यह आयोजन किन्नर समाज की परंपरा का हिस्सा है, जिसमें वे अपनी मृत्यु से पहले ही मृत्युभोज संपन्न कर लेते हैं. इस आयोजन में देशभर से 1500 किन्नर अनूपपुर में एकत्र हुए हैं. इस महाभोज कार्यक्रम में बहुचरा माता की पूजा-अर्चना और सामाजिक मेलजोल का



माहौल देखने को मिला. मौसी ने बताया कि यह परंपरा किन्नर समाज की मान्यता है, क्योंकि किन्नरों की कोई संतान नहीं होती, वे जीते जी ही अपने अंतिम भोज का आयोजन करते हैं. आज से ठीक पांचवें दिन शहर में कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसका उद्देश्य शहर में अमन, चैन और तरक्की की कामना है.

### आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**भानपुरा.** ग्राम सानड़ा निवासी युवक को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के आरोप में भानपुरा पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया. मामला 12 जुलाई की रात का है. रामनगर सानड़ा निवासी सुरेन्द्र सिंह (21) ने दुकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. थाना भानपुरा में मामला दर्ज किया गया. पुलिस अधीक्षक अभिषेक आनंद के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गरोठ हेमलता कुरील, एसडीओपी गरोठ विजय कुमार यादव और थाना प्रभारी निरीक्षक आर.सी. दांगी के नेतृत्व में जांच प्रारंभ की गई थी.

# चलते ट्रक में चोरी की घटना

**दानी घाटी कंजर गिरोह की करतूत का वायरल वीडियो**

**इंदौर. नेमावर की ओर जा रही एक तेज़ रफ्तार ट्रक को निशाना बनाकर लूट की सनसनीखेज वारदात सामने आई है. चापड़ा से करीब तीन किलोमीटर पहले हाईवे पर हुई इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो है, जो अब पुलिस जांच का हिस्सा बन गया है.**

फुटेज देखकर साफ जाहिर है कि यह काम पेशेवर गिरोह का है अंदेशा जताया जा रहा है कि कुख्यात दानी घाटी के कंजर गिरोह की यह नई करतूत हो सकती है. वायरल वीडियो में दो



युवक एक बाइक पर ट्रक का पीछा करते नजर आते हैं. एक युवक बाइक से उचककर ट्रक के पिछले हिस्से से लटकता है और फिर बड़ी सफाई से उसकी तिरपाल काटकर ट्रक के अंदर घुस जाता है, चलती ट्रक में लदा माल गाड़ी से नीचे गिरा देता है, जिसे पीछे चल रही बाइक पर सवार दूसरा युवक उठाकर भाग जाता है.

### कांग्रेस नेता भास्कर की गिरफ्तारी पर हंगामा

**सिंगरौली.** जिले में बरगवां से लेकर रजमिलान-गड़ाखाड़ के बीच कोल वाहनों से आये दिन हो रहे सड़क हादसे को लेकर इस पर रोक लगाने के लिए कांग्रेस नेता भास्कर मिश्रा के नेतृत्व में परसौना तिराहा पर आज दिन रविवार की सुबह चक्काजाम शुरू किया. इसी दौरान भास्कर मिश्रा को पुलिस ने गिरफ्तार कर पहले सिविल लाईन ले गई. इसके बाद उनके समर्थको ने जगह-जगह हंगामा शुरू कर दिये और यह दौर देर शाम तक चलता रहा. बरगवां से लेकर परसौना, रजमिलान, गड़ाखाड़, सरई-गन्नई मार्ग में आये दिन कोल समेत अन्य बड़े वाहनों से अनायास लोग काल के गाल में समा रहे हैं. सड़क चौड़ीकरण एवं फोरलेन न होने से सड़क हादसा थमने का नाम नहीं ले रहा है.

# जंगली सूअर के हमले में 3 घायल

**बालाघाट. जंगली सूअर ने रविवार को तीन लोगों पर हमला कर दिया. घटना में दो किसान और एक चरवाहा घायल हुए हैं. घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है.**

38 वर्षीय चंद्रकुमार माहुले अपने खेत में काम कर रहे थे, तभी घटना हुई. हमले में उनके पेट में एक इंच का गहरा घाव हो गया. इसी तरह 25 वर्षीय निर्भय सहारे पर भी खेत में काम करते समय हमला हुआ. वहीं 50 वर्षीय सालिगराम सोनी मवेशी चरा रहे थे. निर्भय की पसली और सालिगराम की जांघ में चोटें आई हैं. चंद्रकुमार की स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया है. ग्रामीणों और



परिजनों ने घायलों को निजी वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया. वन विभाग के अधिकारियों ने अस्पताल में घायलों और उनके परिजनों से जानकारी ली.

क्षेत्र में वन्य प्राणियों की बढ़ती संख्या मानव जीवन के लिए खतरा बन रही है. वन विभाग की ओर से इलाज के लिए दी जाने वाली तत्काल सहायता राशि और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए की गई तैयारियों की जानकारी अभी स्पष्ट नहीं है. वन विभाग के अधिकारी इस विषय पर कोई टिप्पणी करने से बच रहे हैं.

# खुलासा : कार से कुचलकर की हत्या

## आरोपी पिता-पुत्र को पुलिस ने भेजा जेल

नवभारत, न्यूज

**दमोह. सिटी कोतवाली क्षेत्र के पठानी मोहल्ला अजमेरी गार्डन के समीप रक्के उर्फ़ राकेश रैकवार उम्र 32 वर्ष युवक की कार से कुचलकर हत्या करने वाले आरोपी अकील खान और उसके पिता आरोपी नसीर खान को गिरफ्तार करने के बाद रविवार को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया.**

जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है. इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है जिसमें आरोपी मृतक राकेश को आरोपी कार से कुचलते हुए दिखाई दे रहा है. शनिवार की शाम हत्या के आरोपी अकील के पिता आरोपी नासिर खान से राकेश रैकवार का किसी बात पर विवाद हुआ था. इसके बाद आरोपी पिता के कहने पर उसके बेटे अकील ने राकेश के ऊपर कार चढ़ा दी थी, जिसे कुचलने के कारण उसकी मौत हो गई थी. इस मामले की प्रत्यक्ष दर्शी मृतक राकेश की मां खिलौना बाई थी, जिन्होंने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी. पुलिस ने आरोपी पिता पुत्र के खिलाफ हत्या की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया और उनकी गिरफ्तारी की.

### अवैध अतिक्रमण जल्द तोड़ देंगे

इस हत्याकांड के पीछे के विवाद के कारण को लेकर सीएसपी हरिराम पांडे ने बताया कि मृतक और आरोपी दोनों ही अपराधी प्रवृत्ति के थे. मृतक राकेश पर मारपीट से जुड़े करीब 15 मामले दर्ज है, वहीं आरोपी पिता नासिर खान पर एक और उसके बेटे अकील खान पर दो आपराधिक मामले दर्ज हैं. उन्होंने बताया कि मंदिर के पास आरोपी के द्वारा किए गए अतिक्रमण के आरोप लगाए गए हैं, जिसे लेकर हिंदू संगठन और रैकवार समाज के लोगों ने ज्ञापन दिया था. इस मामले की जांच राजस्व विभाग के द्वारा की जा रही है.

# ट्रैक्टर के नीचे दबने से हुई चालक की मौत

## गोरबी पुलिस चौकी क्षेत्र के पड़री स्कूल के पास हादसा

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 13 जुलाई. गोरबी पुलिस चौकी क्षेत्र के पड़री शासकीय विद्यालय के समीप एक बेकाबू ट्रैक्टर इंजन ट्रॉली के साथ पलट गया. जिसमें चालक की मौत हो गई. वही इस घटना के बाद मृतक के परिजन एवं ग्रामीण शव उठाने से मना कर रहे हैं.**

यह घटना आज दिन रविवार की देर शाम करीब 6 बजे की है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई. जानकारी के अनुसार ग्राम पड़री निवासी संगीत कोल पिता रामलल्लू कोल उम्र



23 वर्ष खाली ट्रैक्टर तेज गति से लेकर आ रहा था कि शासकीय स्कूल पड़री के पास बेकाबू होकर पलट गया. जहां इंजन के नीचे दबने से चालक की मौत हो गई. ट्रैक्टर में केवल चालक ही था.

> हादेस की जानकारी मिलते ही गांव एवं मृतक के परिवार जन पहुंच गये और जानकारी मिल रही है कि मृतक के परिजन शव उठाने से पुलिस को रोक रहे थे. घटना की सूचना मिलते ही गोरबी चौकी पुलिस पहुंच लोगों को समझाने बुझाने में लगी रही. इसके बावजूद मृतक का परिवार जन पुलिस के बातों को अनसुनी कर रहा था.

**घटिया निर्माण** कांग्रेस विधायक विवेक पटेल ने निरीक्षण कर लगाया आरोप

# बालाघाट एनएच बारिश में जगह-जगह से टूटा

**बालाघाट. वारासिवनी-मानसून की पहली ही बारिश ने बालाघाट से गोंदिया शहडोल एनएच 543 नेशनल हाईवे का क्या हाल है इससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि मार्ग का निर्माण कार्य कितना गुणवत्ताहिन किया गया होगा बारिश के चलते मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढो के साथ सड़क के परखच्चे उड़ गए.**

इस भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए कंपनी के अधिकारी अब थूक पॉलिश कर रहे हैं जिससे जिले वासियो में कम्पनी के खिलाप आक्रोश दिखाई दे रहा हैं सड़क के दोनों ओर के साइड



सोल्डर पूरी तरह धसक गए हैं जिस कम्पनी द्वारा इस मार्ग का निर्माण किया जा रहा हैं उसके द्वारा करोड़ो रूपये बचाने के चक्कर में पूरा निर्माण कार्य घटिया किया जा रहा हैं मार्ग की थूक पालिश की जानकारी मिलने के बाद वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र के विधायक विवेक विक्की पटेल ने बालाघाट से गोंदिया शहडोल एनएच 543 का निरिक्षण किया

विधायक विवेक विक्की पटेल ने बताया कि पहली बार हमारे जिले में 4-लेन बन रहा हैं जो हमारे विधानसभा क्षेत्र के कायदी,रेंगाटोला, जागपुर,भांडी से होते हूए जाता हैं पहली ही बारिश में निर्माण कार्य की पोल खुल गई मार्ग पर बड़े बड़े गड्ढे हो गए साइड सोल्डर भी धसक गए हैं बहुत बड़ा भरस्टाचार हुआ हैं जिस कंपनी द्वारा इस हाईवे का निर्माण किया जा रहा है उनके द्वारा मापदंडों को दरकिनार कर बनाया जा रहा है डायवर्सन रोड,पुलिया हो या सड़क सभी में गुणवत्ता का ध्यान बिल्कुल नहीं रखा जा रहा है उच्च अधिकारियो द्वारा इसकी जांच की जानी चाहिए बारिश में सड़क नहीं बल्कि जनता का पैसा भी बह गया है इस टूटे हाईवे ने भाजपा और भ्रष्ट सिस्टम की पोल खोल दी हैं, जहां निर्माण की गुणवत्ता कमीशन से तय होती है ना की मानक से, सबका साथ सबका विकास के नाम पर जनता के साथ विश्वास घात चल रहा है.

> नेशनल हाईवे अथारिटी आफ इंडिया, परियोजना क्रियान्वयन ईकाई छिंदवाड़ा द्वारा बताया गया है कि बालाघाट-गोंदिया एनएच-543 का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है, और केवल सहायक कार्य बाकी हैं. इस कार्य को पूर्ण करने की निर्धारित पूर्णता तिथि 30 जनवरी 2026 है. इस वर्ष जल्दी और भारी मानसून बारिश के कारण बनाये गये हाईवे के उच्च तटबंध ढलानों पर बारिश के पानी के प्रवेश को रोकने और फुटपाथ के किनारों को कटाव से बचाने के लिए अस्थायी रूप से सादा सीमेंट कंक्रीट (पीसीसी) की परत लगाई गई थी. यह इस कार्य की एक मानक प्रथा है और अंतिम ढलान संरक्षण का हिस्सा नहीं है.

# पत्नी पर किए वार, जांघ में फंस गई तलवार

**सड़क पर पति का तांडव!**

**ग्वालियर, 13 जुलाई. जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक पति ने बीच सड़क पर पत्नी पर तलवार से ताबड़तोड़ वार कर दिए. हमले के आखिरी वार में तलवार पत्नी की जांघ में इतनी बुरी तरह से फंस गई कि वह वहीं अटक गई.**

घायल महिला को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां डॉक्टरों की टीम तलवार को सर्जरी के जरिए निकालने की कोशिश कर रही है. पीड़िता की पहचान सपना जाधव के रूप में हुई है, जो पिछले छह महीने से अपने पति अमित जाधव



से अलग रह रही थी. सपना घरों में खाना बनाने का काम करती है. परिजनों के अनुसार, अमित को सपना के चरित्र पर शक था और इसी वजह से दोनों के बीच अक्सर फोन पर कहासुनी होती रहती थी. शुक्रवार शाम को भी दोनों के बीच झगड़ा हुआ था.

शनिवार सुबह जब सपना हेलीपैड कॉलोनी में काम पर जा रही थी, तभी रास्ते में अमित ने उसका रास्ता रोक लिया. पहले दोनों के बीच कुछ बहस हुई और फिर गुस्से में आकर अमित ने अपने पास रखी तलवार से पत्नी पर हमला कर दिया. कई बार वार करने के बाद एक वार इतना जोरदार था कि तलवार सीधी उसकी बाई जांघ में घुस गई और वहीं फंस गई.